**Title:** Need to start a flight between Ahmedabad and Delhi during mid-day.

**श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) :** उपाध्यक्ष महोदय, दिल्ली से अहमदाबाद के बीच दिन में दो फ्लाइट्स हैं और इन फ्लाइट्स में प्रतीक्षा सूची भी ज्यादा रहती है। दिन में कोई फ्लाइट न होने से व्यापारियों और अन्य लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। लोगों को मुम्बई पहुंच कर दिल्ली आना पड़ता है। गुजरात के लोगों की मांग है कि अहमदाबाद और दिल्ली के बीच दोपहर के आसपास भी एक फ्लाइट आरम्भ की जाए। दिल्ली से मुम्बई के बीच एक दिन में लगभग 20 फ्लाइट्स हैं। इनमें से कुछ फ्लाइट्स को दोपहर के आसपास अहमदाबाद होकर भी चलाया जा सकता है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अहमदाबाद और दिल्ली के बीच दोपहर में एक फ्लाइट शीघ्र चलायी जाए।